>

Title: Need to accord approval to the D.P.R. submitted by Government of Bihar for repair and desilting of water-canals originating from Falgu river barrage in Jahanabad district of the State-laid.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): बिहार राज्य के जहानाबाद जिले के उदेरास्थान में फल्गू नदी पर बन रहे बैराज, जिसके लिए राज्य सरकार ने 200 करोड़ रूपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी है और इसका कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। लेकिन इससे निकलने वाले लगभग 48 कैनाल और 35 पईन की ओर की मरम्मत और उनमें जमे गाद की सफाई, जिससे किसानों के खेत तक पानी पहूंचे, का डी.पी.आर. लगभग 349 करोड़ रूपये, केन्द्रीय जल आयोग, नई दिल्ली के निदेशक (प्रोजेक्ट अपराईजल) के यहां लंबित है। इस कार्य से 41 लाख 850 हैक्टेयर रकबे की सिंचाई हो सकेगी जबकि राज्य सरकार बैराज युद्ध स्तर पर बनवा रही है तो यह केन्द्र सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वो इस बैराज का पानी खेतों तक पहुंचाने के लिए डी.पी.आर. को स्वीकृति दे ताकि तीन जिले जहानाबाद, गया एवं नालंदा में बाढ़ का पानी न आ पायेगा तथा सूखे से निपटने के लिए खेतों को बैराज से पानी भी मिलेगा।

मैं इस सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से यह मांग करता हूं कि केन्द्रीय जल आयोग इस डी.पी.आर. की स्वीकृति यथाशीघ्र दे ताकि खेतों की सिंचाई नियमित रूप से हो सके एवं तीन जिलों जहानाबाद, गया एवं नालंदा को बाढ़ एवं सूखे से बचाया जा सके।